दयानन्द महाविद्यालय में 'बायोरंगोली' प्रतियोगिता का आयोजन

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 19 नवम्बर : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वनस्पति विभाग की 'वनस्पति समिति' के तत्वाधान में आज 'बायोरंगोली' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए प्रतियोगिता के विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने निर्णायक मण्डल के सदस्य डॉ. वलेरिया सेठी तथा प्रो. चेतन शर्मा का स्वागत किया। वनस्पति समिति की इंचार्ज डॉ. छवि मंगला ने प्रतिभागियों को सार्थक और बहुमूल्य सुझाव दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉस विक्रमजीत सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि व

प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। वनस्पति समिति की इंचार्ज डॉ. छवि मंगला ने कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, निर्णायक मण्डल के सदस्यों, विभागाध्यक्ष, शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग और सभी छात्रों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. हेमन्त शर्मा, प्रीति, अंजू तथा वनस्पति समिति के सभी सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा।

Botanical Society
DEPARTMENT OF BOTANY

बायो रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

नभ-छोर न्यूज 19 नवंबर

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की वनस्पति समिति के तत्वावधान में आज बायो रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए प्रतियोगिता के विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने निर्णायक मण्डल के सदस्य डॉ. वलेरिया सेठी तथा प्रो. चेतन शर्मा का स्वागत किया। वनस्पति समिति की इंचार्ज डॉ. छवि मंगला ने प्रतिभागियों को सार्थक और बहुमूल्य सुझाव दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। वनस्पति समिति की इंचार्ज डॉ. छवि मंगला ने कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, निर्णायक मण्डल के सदस्यों, विभागाध्यक्ष, शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग और सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. हेमन्त शर्मा, प्रीति, अंजू तथा वनस्पति समिति के सदस्यों का योगदान रहा।